यूटिलिटी पॉवरटेक लिमिटेड

(एन.टी.पी.सी. और रिलायंस का संयुक्त उद्यम)

विंध्याचल सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन, एन.टी.पी.सी. लिमिटेड
एन.टी.पी.सी. टाउनशिप पोस्ट ऑफिस - विन्ध्यनगर-486885,
जिला - सिंगरौली (म.प्र.)

आवश्यकता

यूटिलिटी पॉवरटेक लिमिटेड (यू.पी.एल.) में प्रशिक्षु सहायक लोको ड्राइवर के पद पर अनुबंध के आधार पर भर्ती के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है।

पद का नाम

प्रशिक्षु सहायक लोको ड्राइवर (Assistant Loco Driver Trainee)

आयु : दिनांक 01.03.2022 को 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य
शैक्षणिक योग्यता : सरकारी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से 10वीं/मैट्रिक पास।
व्यवसायिक योग्यताः सरकारी मान्यता प्राप्त आई.टी.आई. (फिटर या इलेक्ट्रीशियन या डीजल मैकेनिक ट्रेड) में उत्तीर्ण।
आई.टी.आई. पाठ्यक्रम एन.सी.वी.टी./एस.सी.वी.टी. (NCVT / SCVT) द्वारा अवश्य स्वीकृत होना चाहिए। डिस्टेंस लर्निंग मोड में आई.टी.आई. कोर्स करने वाले उम्मीदवार पात्र नहीं होगें।

1. एन.टी.पी.सी. विंध्याचल के परियोजना प्रभावित अभ्यर्थियों को चयन में वरीयता दी जाएगी।
2. योग्य उम्मीदवारों को यू.पी.एल. वेबसाइट www.utilitypowertech.org पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक करके अपनी ईमेल आईडी (जिसकी वैधता कम से कम एक वर्ष रहें) के साथ ऑनलाइन आवेदन करना होगा।
3. वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक दिनांक 30.03.2022 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 19.04.2022 06.00 बजे तक कार्यरत होगा।
4. कोई मैनुअल/पेपर आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
5. आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वह पात्रता मापदंडों और वेबसाइट www.utilitypowertech.org पर उपलब्ध रजिस्ट्रेशन पोर्टल एवं इस विज्ञापन में वर्णित अन्य शर्ते पूरी करते हों।
6. पंजीकृत उम्मीदवार को 02 घंटे की ऑब्जेक्टिव (Objective Type) / बहुविकल्पीय (Multiple Choice Type) परीक्षा देनी होगी। प्रश्नपत्र अंग्रेजी और हिंदी भाषा में होगा।
7. चयनित अभ्यर्थियों को भारतीय रेल द्वारा 90 दिनों का सहायक लोको ड्राइवर का प्रशिक्षण प्रदान करवाया जायेगा, जिसका पूरा खर्च यू.पी.एल. वहन करेगी। प्रशिक्षण अंग्रेजी और हिंदी माध्यम में दिया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण की अवधि के दौरान अभ्यर्थियों को रू. 7000/-(सात हजार रूपये केवल) पतिमाह वृतिका(Stipend) दिया जायेगा। चयनित अभ्यर्थियों को रू. 6,00,000/- (छह लाख रूपये) एवं जी.एस.टी. अतिरिक्त का सेवा करार बॉन्ड (Service Agreement Bond) पांच वर्ष के लिए यू.पी.एल. के पक्ष में देय होगा।
8. प्रशिक्षण के सफल समापन पर इन उम्मीदवारों को केंद्रीय सरकार के अनुसार उच्च कुशल श्रेणी area 'C' की न्यूनतम मजदूरी दर पर उपरोक्त वर्णित यू.पी.एल. विंध्याचल में नियत अवधि के लिए तैनात किया जायेगा।
9. उम्मीदवारों को किसी भी सूचना अधतन (Updates) के लिए नियमित रूप से वेबसाइट की जांच करने की सलाह दी जाती है।
10. "यदि आवश्यकता हुई" यूटिलिटी पॉवरटेक लिमिटेड के पास भर्ती प्रक्रिया को बिना कोई पूर्व सूचना दिए बगैर कोई कारण बताये रद्द/सीमित/विस्तारित/संशोधित/परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित है।